दैनिक प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO-UPBIL/2021/83001
बर्ष :-02 अंक :-243 मुरादाबाद 30 December 2022 (Friday) पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सरकार ने OBC आरक्षण के लिए गठित किया पांच सदस्यीय आयोग

लखनऊ- नगरीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी ) के आरक्षण की स्थिति तय करने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया है। पांच सदस्यीय आयोग का कार्यकाल छह माह होगा। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह को आयोग का अध्यक्ष नामित किया गया है। भाजपा सरकार इस मामले में कोई कोताही नहीं बरतना चाहती है। ऐसे में अब व?िपक्ष को अपनी रणनीती? में बदलाव करना होगा। नगर विकास विभाग ने जारी की आयोग के गठन की सूचना- सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी चोब सिंह वर्मा व महेन्द्र कुमार, पूर्व अपर विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा और पूर्व अपर विधि परामर्शी व अपर जिला जज बृजेश कुमार सोनी आयोग के सदस्य बनाये गए हैं। नगर विकास विभाग ने आयोग के गठन की अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी है।

### OBC अरक्षण के बाद ही होंगे निकाय चुनाव

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने निकाय चुनाव को अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के बिना संपन्न कराने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने कहा था कि राज्य सरकार निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देगी। इसके बाद ही निकाय चुनाव कराए जाएंगे। हाई कोर्ट के आदेश के क्रम में सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट मे अपील दाखिल करने का निर्णय भी किया है।

### सरकार ने विपक्ष के हाथ से छीन लिया हथियार

हाई कोर्ट के आदेश के बाद जिस तरह से विपक्ष सरकार पर हमलावर हुआ, सरकार ने आयोग के गठन में तेजी दिखाते हुए विपक्ष के हाथ से हथियार छीनने के साथ पिछड़ा वर्ग को भी बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। यह कदम उठाकर वह सुप्रीम कोर्ट में यह दलील दे सकेगी कि आयोग का गठन कर वह निकाय चुनाव के संदर्भ में शीर्ष न्यायालय के ट्रिपल टेस्ट के फार्मूले पर खरा उतरना चाहती है।

### सीएम योगी ने कहा था पहले OBC को आरक्षण फिर होंगे चुनाव

सीएम योगी ने हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद कहा था कि? उत्तर प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में एक आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी ) के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके उपरांत ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को संपन्न कराया जाएगा।

### नगर विकास विभाग ने OBC आरक्षण में की अनदेखी- ओबीसी

आरक्षण के लिए सरकार आयोग गठित कर दिया है। आयोग की देखरेख में ओबीसी आरक्षण देने की प्रक्रिया तय की जाएगी। इसमें समय लगना तय है। आयोग का गठन होने के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्डों और सीटों को आरक्षित किया जाएगा। नगर विकास विभाग ने OBC आरक्षण मे इसकी अनदेखी की। पिछड़ों की गिनती के लिए सिर्फ नए निकायों में रैपिड सर्वे कराया गया, पुरानों को छोड़ दिया गया। इस कारण बड़ी संख्या में आरक्षण को लेकर आपत्तियां आईं। मौजूदा नगरीय निकायों के बोर्डों का कार्यकाल 12 दिसंबर से लेकर जनवरी अंत तक समाप्त हो रहा है।

## चीन, जापान, हांगकांग सहित इन देशों के यात्रियों के लिए RT-PCR टेस्ट अनिवार्य, अपलोड करनी होगी कोविड रिपोर्ट

नई दिल्ली- चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों में तेजी से बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2023 से चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए RT-PCR टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के बाद से इन देशों से आने वाले यात्रियों को अब उन्हें यात्रा से पहले अपनी रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने यह जानकारी दी।

### एक जनवरी 2023 से नियम लागू

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट किया, 1 जनवरी 2023 से चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए RT-PCऋ टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। उन्हें यात्रा से पहले अपनी रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।%यात्रा से 72 घंटों के भीतर परीक्षण कराना अनिवार्य- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने कहा कि इन देशों से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारत आने से पहले 72 घंटों के भीतर परीक्षण किए जाने हैं।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह आवश्यकता भारत आने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के रैंडम दो प्रतिशत परीक्षणों के अतिरिक्त है, भले ही वह किसी भी देश से भारत आ रहा हो।

### दुनिया में बढ़ते कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट

बता दें कि कुछ देशों में कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने अलर्ट जारी किया है। केंद्र सरकार ने कोविड दिशानिर्देशों को कड़ा किया है और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत में 268 नए कोरोनोवायरस संक्रमण दर्ज किए गए, जबकि सक्रिय मामले बढ़कर 3,552 हो गए। देश में दैनिक संक्रमण दर 0.11 प्रतिशत है। वहीं, साप्ताहिक संक्रामक दर 0.17 फीसदी है

## अखिलेश यादव का हमला, बोले- आरक्षण छीनकर ओबीसी को और पीछे करने की साजिश रच रही भाजपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। वो आरक्षण खत्म कर पिछड़ों को और पीछे करने की साजिश रच रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का पिछड़ों के प्रति व्यवहार सौतेला रहा है। भाजपा समय-समय पर पिछड़ों दलितों के प्रति सौतेला व्यवहार करती रही है। आज पिछड़ों का आरक्षण छीना है। यह धोखा है। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर द्वारा मिला अधिकार छीना जा रहा है। अन्य संस्थाओं में भी यह हो रहा है। ओबीसी समाज का आरक्षण खत्म करके समाज को सत्ता से बेदखल करने की साजिश की जा रही है। आने वाली नस्लों को पीछे करने कि साजिश है। वह पिछड़ों का वोट चाहती



है लेकिन सत्ता में भागीदारी नहीं देना चाहती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और दिल्ली की सरकार पिछड़ों के वोट से बनी लेकिन उस समाज के लिए कोई स्थान नहीं है। सपा अब भाजपा के हर षड्यंत्र का विरोध करेगी। अभी पिछड़ों का हक छीना गया है आगे दलितों का अधिकार छीना जाएगा। इससे पहले पुलिस बोर्ड के परिणाम में भी यही किया था। उसमें आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया गया। जिसकी वजह से 1700 दलितों-पिछड़ों को नौकरी से बाहर होना पड़ा। 69000 शिक्षक भर्ती में भी यही हुआ। अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें सरकार पर भरोसा नहीं है। पार्टी के लोग सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। भाजपा चुनाव में नहीं जाना चाहती है। मामले को उलझाए रखना चाहती है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग बना था उसे भी सरकार ने खत्म कर दिया।

### अयोध्या से आए व्यापारी परेशान

इस दौरान अयोध्या से आए व्यापारियों ने बताया कि भाजपा राज में उनकी दुकान तोड़ दी गई। सब खत्म हो गए हैं। अयोध्या के व्यापारी परेशान हैं। मुआवजा के नाम पर चंद रुपए दिए गए। आरोप लगाया कि विकास के नाम पर विनाश हो रहा है।

### अखिलेश की मांग, अयोध्या के व्यापारियों को मुआवजा दे

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या के व्यापारियों को सरकार ने बर्बाद कर दिया है। सरकार से मांग है कि इन्हें मुआवजा दें। आसपास जहां जगह हो इन्हें स्थापित करे। मंदिर के चंदे से भी मदद करें। अखिलेश यादव ने कहा कि वह 27 जनवरी को अयोध्या जाएंगे और व्यापारियों का नुकसान देखेंगे।

### भर्ती घोटाले पर जवाब दे सरकार

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार यूनिवर्सिटी भर्ती और एकेटीयू में हुए घोटाले पर जवाब दे। सरकार ने इन जगहों की भर्ती में भी आरक्षण की अनदेखी की है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जातीय जनगणना कराएं।

### भारत जोड़ो यात्रा के लिए नहीं मिला न्यौता

अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से भारत जोड़ो यात्रा का न्यौता अभी नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस में ज्यादा फर्क नहीं है। दोनों एक ही हैं।

# वार्डों में स्वच्छता कर्मी की बहाली को लेकर मुखीया पर लगा गंभीर आरोप

राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज -प्रखंड विजयीपुर पंचायत नवतन में वार्ड स्वच्छता कर्मी की बहाली की मनमाने तरीके से किया गया है क्योंकि पंचायत के किसी भी वार्ड में अभी तक सफाई कार्य नहीं किया जा रहा है मुखीया द्वारा सभी वार्डों में स्वच्छता कर्मी की बहाली मनमाने ढंग से किया गया है। जबकि विभागीय पत्र है कि स्वच्छता कर्मी की बहाली वार्ड सभा से किया जाना है प्ररन्तु मुखीया के द्वारा ऐसा नहीं किया गया है और उन लोगों का मानदेय भुगतान भी किया जा रहा है। नवतन पंचायत में किसी भी वार्ड में क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के बिना संज्ञानित ही कोई भी किसी वार्ड में कार्य किया जा रहा है और नाही किसी भी ग्राम सभा में यह स्पष्ट किया जाता है कि कौन सा कार्य किया जाना है पंचायत के अधिकतर वार्डों में नलजल की स्थिति बहुत ही खराब है जो जांच कराई जाए तो सचयी उजागर हो सकता है मुखीया जी से कहने पर कहा जाता है कि राशी ही उपलब्ध नहीं है नलजल कार्य बाद में किया जायेगा जो कि सात निश्चय योजना में नलजल योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि नलजल योजना कागज के पन्नों में सिमट कर रह गई है क्योंकि अधिकारियों की मिलीभग के कारण आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है कहीं न कहीं तो भ्रष्टाचार का बोलबाला है देखना है कि इन वार्ड सदस्यों को अब न्याय मिल रहा है कि नहीं वार्ड सदस्य अशोक द्विवेदी वार्ड नंबर 8,बबी देवी वार्ड नंबर 6, कलावती देवी वार्ड नंबर 7, उर्मिला देवी वार्ड नंबर 5, कुमारी उषा देवी वार्ड नंबर 11,गिरजा देवी वार्ड नंबर 9, ध्रुव राय इन सभी वार्डो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विजयीपुर, जिला समन्वयक स्वच्छता अधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला विकास आयुक्त अधिकारी, जिला पदाधिकारी महोदय को भी अवगत कराया गया है देखना है कि इन वार्ड सदस्यों की कौन सुध लेता।

# एफ टी सी एम आर संग्रहण शुभारंभ, गोपालगंज में फीता काटकर किया गया



राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोपालगंज -डॉ0 नवल किशोर चौधरी( भा0प्र0से0 )के कर कमलो द्वारा आज दिनांक29/12/2022 को धान अधिप्राप्ति वर्ष 2022 / 2023 का एफ टी सी एम आर संग्रहण शुभारंभ खरीफ विपरण वर्ष 2022 /23 अंतर्गत राज्य खाद्य निगम ,गोपालगंज के अधीन संचालित सी एम आर संग्रहण केंद्र -संख्या 13 कोईनी एन0एच0- 27 गोपालगंज में फीता काटकर किया गया। शुभारंभ समारोह में जिला आपूर्ति पदाधिकारी,गोपालगंज श्री वीरेंद्र कुमार एवं जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम ,गोपालगंज श्री कुमार कुंदन की गरिमामय उपस्थिति रही । जिला पदाधिकारी महोदय को जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम,गोपालगंज द्वारा पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा फोर्टीफाइड सी एम आर के गुणवत्ता की रासायनिक जॉच संबंधित सहायक प्रबंधक सी एम आर मो0 आफताब आलम एवं गुणवत्ता नियंत्रक श्री राजदेव रंजन के द्वारा कराया गया । जिसमें गुणवत्ता मानक के अनुसार पाया गया एफ टी सी एम आर का प्रथम लॉट चैनपुर पैक्स, हथुआ एवं संबद्ध- राइस मिल -सुर्या राइस मील, भोरे के द्वारा जमा कराया गया है । जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सहायक प्रबंधक एवं गुणवत्ता नियंत्रक को गुणवत्ता युक्त एफ टी सी एम आर ही प्राप्त करने का निदेश दिया गया तथा एफ टी सी एम आर का भुगतान 48 घंटे के अंदर करने हेतु निर्देशित किया गया ,ताकि पैक्सो पर आर्थिक बोझ न हो एवं अधिप्राप्ति की गति बढ़ सके।

# जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर किया तुलसी पूजन कहा नरसेवा ही नारायण सेवा है - स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- अकराबाद - ब्लाक क्षेत्र के गांव दभा में तुलसी पूजन एवं प्रदोष के उपलक्ष्य में जरूरतमदों को कंबल वितरण किया गया। बुधवार को प्रात: कालीन बेला में वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में आचार्य गौरव शास्त्री ,शिवम शास्त्री,ऋषभ वेदपाठी आदि आचार्यों ने मुख्य यजमान डा. विवेक उपाध्याय, आकांक्षा उपाध्याय तथा यशु शर्मा, श्वेता शर्मा द्वारा सामूहिक रूप से गांव में स्थित राधाकृष्ण मंदिर पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव परिवार एवं राधाकृष्ण की प्रतिमा का दूध,दही,घी,शहद,बूरा पंचामृत से अभिषेक किया गया। श्रीसूक्त,पुरुसूक्त एवं अन्य वेदमंत्रों के साथ हवन यज्ञ किया। उसके बाद निकट के गांव गोपालपुर में कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि हमारे सनातन की संस्कृति ही परोपकार की भावना को जाग्रत रखे हुए है।समाज में ऐसे अनेक त्यागी, संन्यासी हुए हैं जिन्होंने मानव-सेवा और मानव कल्याण में अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया। बदले में स्वयं अपार कष्ट सहकर भी अपना मार्ग नहीं छोड़ा। महर्षि दधीचि ने अपनी अस्थियां तक दान दे दी थीं ताकि इंद्र उससे अस्त्र-शस्त्र बनाकर राक्षसों से युद्ध लड़ें और मानव को सुखी बना सकें।

दान कर देना महान उपकार है,जीवित रहते हुए दूसरों की सेवा करना और मरने के बाद भी दूसरों की पीड़ा दूर करने वाले पुरुष नहीं बल्कि महापुरुष होते हैं। गोपाल उपाध्याय ने बताया कि आज के आधुनिक दौर में हर इंसान स्वार्थवश जीवन व्यतीत कर रहा है। परोपकार की भावना लोगों के अंदर से दूर होती जा रही है।

लेकिन समय समय पर ऐसे आयोजनों से लोगों के अंदर जागरूकता आएगी और सनातन संस्कृति जीवंत रहेगी क्योंकि सनातन में सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया: जैसी संस्कृति है अत: हम सभी लोगों को परोपकार की भावना की ललक जन जन में जगानी होगी। इस आयोजन में सुरेश चंद शर्मा ,प्रवीण कुमार उपाध्याय,रक्षा शर्मा ,अखिल उपाध्याय,उमा उपाध्याय,गरिमा उपाध्यायआदि उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेंट के तहत प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिले के 543 प्राथमिक विद्यालयों में संचालित स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य खेल-खेल के माध्यम से बच्चों के भाषाई एवं गणितीय ज्ञान के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल का उन्नयन करना है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आज गौरेला विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवसा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकुल केंद्र नेवसा, चुकतीपानी, कछारपारा, पकरिया, तरईगांव एवं धनौली के प्राथमिक स्कूलों के 32 शिक्षकों को और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकरकला में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकुल केंद्र टीकरकला, हर्राटोला, लालपुर, कोरजा, अंधियारखोर एवं बाबाटोला के प्राथमिक स्कूलों के 32 शिक्षक को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

तीव्र गति से चलने वाले वाहनों एवं ड्राइवरों की लापरवाही के कारण ही

# सड़क दुर्घटना हो रही है इन पर अंकुश लगाया जाए- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है के जितने भी दुर्घटनाएं अलीगढ़ में हो रही हैं सड़क दुर्घटना हो रही है ड्राइवरों की लापरवाही के कारण हो रही है अतरौली कार एक्सीडेंट में 3 लोगों की जान गई यह सब ड्राइवरों की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना हो रही है आए दिन इतने तेज गति से बाहर चलते हैं कोई शुमार नहीं समाचार पत्रों में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है लोग शिकार हो रहे हैं इसका कारण है तेज गति से वाहनों का चलना एक गंभीर हादसे हैं इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता होनी चाहिए जिस थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हो रही है उस समय पुलिस को बिल्कुल सक्रिय हो जाना चाहिए तेज गति से चलने वाले वाहनों पर अंकुश होना चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि आईटीओ विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय होना चाहिए झूठ जो ट्रैकर लोडिंग आधे के लेकर चल रहे हैं उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए लोडिंग भरे हुए ट्रक काफी तेज गति से चलते हैं ट्रक ड्राइवर मरने मारने पर उतारू होते हैं इन पर पूरी तरह से अंकुश होना चाहिए इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए खुले रोड पर वाहन बहुत तीव्र गति से चलते हैं उसी कोई सीमा नहीं अचानक सामने आता है कोई तो दुर्घटना का शिकार हो जाता है यह भी ड्राइवरों की लापरवाही के कारण है प्रशासन से आग्रह किया जाता है तेज गति से चलने वाले वाहनों पर अंकुश लगाएं उनके खिलाफ कार्रवाई करें तभी दुर्घटनाएं रुक सकती हैं



# स्कूल में मनाई गई गुरु वीर शिरोमणि गुरु गोविंद सिंह की जयंती


सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में गुरु वीर शिरोमणि गुरु गोविंद सिंह की जन्म जयंती को समारोह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष व प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने गुरु गोविंद सिंह के चरण कमलों में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित लोगों से उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह समाज की एकता अखंडता और देश रक्षा के लिए शत्रु का डटकर मुकाबला किया और अपने प्राणों को निछावर कर दिया देश सर्वोपरि है उस की एकता और अखंडता से किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं होना चाहिए हमें अपनी व्यक्तिगत हितों के लिए नहीं बल्कि वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को आत्मसात करते हुए समाज हित के लिए कार्य करना है इस अवसर पर उपस्थित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने गुरु गोविंद सिंह के चरण कमलों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया जयपाल सिंह रघुवीर सिंह अनिल कुमार पंकज कुमार अनमोल यादव हसीन खान अभय सक्सैना अमन सक्सैना निर्वेश कुमारी दीक्षा कुमारी पुष्पा कुमारी चंचल कुमारी सलोनी यादव मीनू कुमारी ज्योति कुमारी अनमोल अरोरा सलौनी चौहान आदि मौजूद रहे

# तीन तलाक व देवर पर लगाया रेप का आरोप पुलिस को दी तहरीर

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर के की।महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ससुराल जनों पर लगाया मारपीट व बलात्कार करने का आरोप नगर के एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग करते हुए बताया कि उसकी शादी काशीपुर के में हुई थी पीड़ित का आरोप है कि उसके देवर उंसके ऊपर गन्दी नज़र रखता है जब बो उसका विरोध करती है तो सास ननद देवर ननदोई व पति उंसके साथ मारपीट करता है ओर घर से निकाल देते हैं पीडित का पति नशे का आधी है वही पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसका देवर पति को नशा कराकर सुला देता था ओर पीड़ित के साथ जबरजस्ती करता है पीड़ित जब विरोध करती है तो उंसके साथ अश्लील हरकते करता है व अब मेरे साथ काफी बार बलात्कार किया है वही पीड़ित ने य भी आरोप लगाया है कि उसके साथ उंसके ननदोई पर भी छेड़छाड़ का आरोप लगाया है वही उसका विरोध करती ह तो उसके साथ सब एक राय होकर मारपीट कर घर से निकाल देते हैं और उंसके कमरे में ताला लगा देते हैं वही आज भी मेरे ससुरालियों में एकराय होकर मेरे साथ मारपीट की जब मैने उसका विरोध किया तो पीड़ित के पति ने उसे तीन तलाक दे कर घर से बाहर निकाल दिया है तब पीड़ित ने बताया कि उसके बाद पीड़ित अपने पति से मिलने उंसके घर पर गयी तो उसकी सास ससुराल ननद देवर ने उसके साथ लाठी डंडे के साथ मारपीट की व गन्दी गन्दी गाली गलौज करने लगे वही पीड़ित के ससुरालियों ने पीड़िता को घर मे घुसाने पर जान से मारने की धमकी दी है वही उंसके बेटे को भी छिने को धमकी दी है वही मारपीट की चीख पुकार सुनकर मौके पर।मौजूद लोगों ने उसको बचाया है वही पीड़ित कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है

## कार खंभे से टकराई एक गंभीर रूप से घायल किया रेफर



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- मुरादाबाद ठाकुरद्वारा हाईवे रोड पर हुआ हादसा स्कॉर्पियो कार खंबे में जा टकराई जिससे मुरादाबाद ठाकुरद्वारा ग्राम बुध नगर के गांव में ठाकुरद्वारा की ओर से आ रही स्कॉर्पियो कार खंभे से जा टकराई जिससे कार क्षतिग्रस्त व कार का एक युवक घायल मौके पर पहुंची ग्राम वासियों की भीड़ में ठाकुर वारा सीएससी को सूचना कर मौके पर पहुंची 108 द्वारा लाया गया सीएससी उपचार के दौरान घायल को 4:00 के बाद गंभीर अवस्था में घायल उपचार के बाद मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है

# पुष्पा स्टाइल में पंजाब से बिहार के लिए शराब की तस्कर

मुरादाबाद। साउथ सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की बहुचर्चित फिल्म पुष्पा की तर्ज पर मुरादाबाद में शराब की तस्करी पकड़ी गई है। शराब की पेटियां ट्रक में खील और परमल की बोरियों के नीचे छिपाकर बिहार भेजी जा रही थीं। पाकबड़ा में हाईवे पर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को देखकर तस्कर और ट्रक चालक ट्रक खड़कर भाग गए। बिहार में शराब बंदी है। इसके बाद से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से तस्कर बिहार शराब सप्लाई कर रहे हैं। आरोपी नए नए तरीके अपनाकर पुलिस और आबकारी विभाग की टीमों से बचने के लिए करीब डेढ़ हजार किलोमीटर की दूरी तय कर बिहार तक शराब पहुंचाते हैं। मंगलवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि पंजाब से बिहार के लिए एक ट्रक जा रहा है। जिसमें शराब लदी है। ट्रक मुरादाबाद से होकर गुजरेगा। अफसरों ने पाकबड़ा पुलिस को अलर्ट कर दिया। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर बुला ली गई। मंगलवार रात करीब बारह बजे लगातार कई ट्रक आए। इनमें से उस ट्रक को पहचानना मुश्किल पड़ रहा था। जिसमें तस्करी की शराब लदी थी। पुलिस ने जीरो प्वाइंट के पास बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक ट्रक से चालक और उसका साथी कूद गया और भागने लगे। अन्य वाहनों के चालकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। तब वाहन चेकिंग कर रही टीम मौके पर पहुंची तो ट्रक में कोई मौजूद नहीं था। पुलिस ट्रक को पाकबड़ा थाने ले आई। ट्रक की तलाशी के दौरान पुलिस ड्राइविंग लाइसेंस मिला। जिससे चालक की पहचान गोदा राम के रूप में हुई। वह राजस्थान निवासी है। ट्रक से तिरपाल हटाकर देखा तो पुलिस कर्मी भी हैरान रह गए। ट्रक में खील और परमल की बोरियों के नीचे अंग्रेजी शराब की पेटियां छिपी थीं। शराब की पेटियां को उसी तर्ज पर छिपाया गया था। जिस तरह पुष्पा फिल्म में अभिनेता अल्लू अर्जुन चंदन की लकड़ियों की तस्करी करते हुए देखा गया है। सीओ हाईवे देश दीपक सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक सिद्धार्थ विक्रम सिंह ने ट्रक से मिले दस्तावेज के आधार पर ट्रक मालिक शशिपाल निवासी मवा सिंधियन ( हिमाचल प्रदेश ) और ट्रक चालक लक्ष्मण गोडरा निवासी रावतसर बाडमेर ( राजस्थान ) के खिलाफ उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क आबकारी अधिनियम की धारा 63, 72 और आईपीसी की धारा 420, 467 और 491 में केस दर्ज कराया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पाकबड़ा की बेटी ने जीता मिस एशिया का खिताब

मुरादाबाद।पाकबड़ा। पाकबड़ा की बेटी ने देहरादून में चल रही मिस्टर एंड मिस एशिया इंटर नेशनल अवार्ड का खिताब जीतकर पाकबड़ा मुरादाबाद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में आयोजित किया गया। 23 दिसंबर को देहरादून में मिस्टर एंड मिस एशिया इंटरनेशनल अवॉर्ड में शो में पाकबड़ा के मोहल्ला बड़ा मंदिर निवासी राजीव भटनागर की बेटी डॉक्टर प्राची भटनागर ने मिस एशिया इंटरनेशनल का खिताब जीता है। शो में अलग अलग राज्यों के लगभग चालीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। दो महीने पहले होटल होली डे रीजेंसी में चयन किया गया था। आर के गुप्ता की ब्लू रिकार्ड द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में फेमिना मिस इंडिया 2020 मनासा वाराणसी और मिस रूस माया ने विजेताओं को क्राउन पहनाए।

खिताब जीत कर पाकबड़ा पहुंचने पर डॉ. प्राची भटनागर का परिजनों ने स्वागत किया। दोस्तों और रिश्तेदारों का प्राची भटनागर के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# A little away, a little firm

The public has always been a fan of the strict attitude and quick actions of the governments. In this perspective, the initial steps of the Sukhu government are also being seen with a hope. The history of Police Recruitment vs Junior Office Assistant (IT) paper leak cases is comparable, so it must be said that the attitude of the present government is far more harsh and result-oriented. The government being decisive and more visible, instills confidence in the public. In this context, the suspension of the Staff Selection Commission is a much awaited action and was carried out by the Sukhu government. Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu is continuously telling through his actions that he has the ability to take very difficult decisions to change administrative, political and governance methods. The sudden closure of the first two cement plants and now the issue of paper leak in the Staff Selection Commission examination has defied the purpose and intention of the government. In both these cases, the Sukhu government has tightened its grip by giving daring tests. These are paradigm-changing exercises, which make the state realize its credibility, strength and honesty. Reversing the decisions of the last phase of the previous government, the Chief Minister has also made a matter of his firmness by denotifying many offices. Whether we believe it or not, in today's era, daring to take tough decisions amid government work culture, political compulsions and electoral aspirations is a risky task, but this time in Himachal, the resolve to do something out of the box is visible. Of course, in such decisions, the opposition can choose to oppose its part and it will be difficult to create an atmosphere of consensus among the ruling party, but the public now wants to change the face of the leaders. Right now we cannot say that the government will move forward on all fronts or on the path of system change, yet a change in the initial performance is definitely emerging as a wave in the flood of public expectations. The biggest test of Chief Minister Sukhwinder Singh lies in the wait. Where the cabinet of the government will take full form. In the present scenario, the location, status and color of the Himachal government is presented in the form of only one person i.e. the Chief Minister himself, but when the entire cabinet will step in, the realities of the state will be examined in depth. Many departments and many departmental files are now resting. Undoubtedly, the Chief Minister has scrutinized many departments in his active role, but where 'team work' is needed, there is still a balance to be settled. However, the oath ceremony, the winter session of the Vidhansabha and the role of the government's duties have to be described in the Governor's address. The election of the cabinet will also tell to what extent the Chief Minister wants to change his governance system. In the previous Jairam government, the imbalance of the cabinet was becoming more and more obvious and the performance of the government had to pay for it. When the cabinet formation to unite Himachal's East-West and North-South will present its evidence, then it will be known how effective the united efforts of the government can be. For now, we can only say that the Chief Minister has shown his power by putting this issue on a peg. ause for some time. With the suspension of the commission, the ambition of the youth has also been stopped, so the hopes of gathering thousands of applications have been dashed.

# Fans got a big gift before the New Year, release date revealed with powerful teaser of PS-2

The production company Lyca Production, which produced the film, released the teaser of PS-2 on social media on Wednesday and unveiled its release date. Ponniyin Selvan Part-1, directed by Mani Ratnam, made a big bang at the box office. Had created a ruckus. The film got a lot of love from the audience of South as well as Hindi belt. This is the reason that the film earned hugely at the ticket window. Ever since the release of this film, the fans were waiting for its second part. Now the makers have given a big gift to the fans by announcing the teaser of PS-2 and its release date before the new year. Releasing the teaser of 2, the curtain was also raised on its release date. Makers have told that the film will be released on April 28 next year. The special thing about this date is that Bahubali 2 was also released on this date, which earned a record breaking amount at the box office. Talking about the teaser of PS-2, Vikram's glimpse is seen in the beginning. Fans got excited after seeing the teaser – after this, other artists are also seen in turn. After watching this teaser, the curiosity of the fans has increased a lot. Many users reacted to this post saying that they are eagerly waiting for this film. At the same time, some users are expressing their feelings by sharing fire emoji on this short clip. Let us tell you that since the release, PS-1 had also earned a lot of money worldwide. The film did a business of 500 crores worldwide.



# Vivek Agnihotri again targeted 'Besharam Rang', wrote this warning

Vivek Agnihotri recently shared a video on Twitter. Through this, he has targeted the 'slutty' served in Bollywood films. Actor Shah Rukh Khan's upcoming film 'Pathan' is in tremendous discussion. King Khan's fans are eager to see him on screen after a long break. However, before its release, the film is embroiled in a huge controversy regarding its song 'Besharam Rang'. Deepika Padukone was trolled a lot for wearing a saffron colored bikini in this song. All religious groups have also objected to this. Apart from this, Bollywood celebrities have also taken a dig at this song. Vivek Agnihotri is one of them. The director of 'The Kashmir Files' recently issued a warning on Twitter. Vivek Agnihotri recently shared a video on Twitter. Through this, he has targeted the vulgarity served in Bollywood films. The video also has some clips of the song 'Besharam Rang' from 'Pathan'. This video consists of two videos merged. On one side visuals of the song are being shown and on the other a teenage girl is seen expressing concern over the effects of the song. In the video shared by Vivek Agnihotri, a girl is seen questioning the content of Bollywood movies and OTT Is. At the same time, she is appealing to present clean content. Sharing this video, Vivek Agnihotri wrote, 'Warning: This video is against Bollywood. On this tweet of Vivek, all the users are seen supporting him. Users are saying that 'a girl has raised a very right topic'. Talking about the film 'Pathan', this film directed by Siddharth Anand will be released on January 25. Apart from Shahrukh and Deepika, John Abraham will also be seen in this. Through this film, Shahrukh is returning to the screen after almost 5 years.



# गौशालाओं तथा शहरों में घूम रहे गौवंशो का बुरा हाल है

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहां कि इस समय सर्दी की वजह से गौशालाओं तथा शहरों में घूम रहे गौवंशो का बुरा हाल है लेकिन इनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है जब कि उ.प्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज गौवंशो को लेकर काफी गम्भीर रहते है गौवंशो के आशीर्वाद से ही उ.प्र.मे दुबारा सरकार बनीं तथा विपक्ष खूब चिल्लाया कि गोवंशो ने खेतों में नुकसान किया इसके बावजूद भी सरकार बनीं। इसको लेकर मुख्यमंत्री जी को विचार कर जिले के अधिकारियों को सख्त आदेश देकर गौवंशो के प्रति शिथिलता बरत रहे अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। क्यों कि जिले में कुछ प्रशासनिक अधिकारी मुख्यमंत्री जी की सरकार को बदनाम करने में जुटे हुए हैं।शहर में चुटैल गौवंश घूम रहे है तथा इनको गऊशाला तक नहीं पहुंचाया जा रहा है तथा कुछ गौवंश तो ऐसे हैं जो कि उठ नहीं पा रहे हैं एक ही जगह पर भूखे प्यासे पड़े हैं।जिले में प्रभारी मंत्री व मंत्री जी आते हैं गोशालाओ का निरीक्षण कर के चले जाते हैं तथा शहर में घूम रहे गौवंशो का कोई निरीक्षण नहीं कराता है विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता गोवंशो पर कार्य कर रहे हैं तो कुछ अधिकारी सहयोग नहीं करते हैं बल्कि हमारे कार्यकर्ताओ का मनोबल तोड़ने का कार्य कर रहे है। श्री चौहान ने कहां कि इस सम्बन्ध में मेरी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी महोदय से बार्ता हुई तथा मैंने उन्हें गौवंशो की हो रही दुर्दशा के बारे में विस्तार से अवगत कराया तो उन्होंने कहां कि मैं दिखवाता हूं लेकिन जो अधीनस्थ कर्मचारी हैं उनकी सोच नहीं बदल रही है।वह एक कान सुनकर दूसरे कान से निकाल देते हैं क्योंकि कि यह लोग भारत -पाकिस्तान का बॉर्डर बनाए हुए हैं उनका कहना है कि शहर का मामला है तो नगरपालिका देखेगी तथा देहात का मामला है तो प्रधान और वी. डी.ओ.देखेंगे इसके चलते गौवंशो की दुर्दशा हो रही है।। जब कि मुख्यमंत्री जी गौशालाओं पर पैसा खर्च कर इन्हें बचाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं जिले के जिलाधिकारी महोदय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऐसे अधिकारी हैं चाहे गौवंश की समस्या हो या और कोई भी समस्या हो तत्काल संज्ञान लेते हैं। श्री चौहान ने शासन व प्रशासन से मांग की है कि जनपद में घूम रहे गौवंशो को तत्काल गौशाला भेजा जाये तथा गोशालाओं में निरीक्षण कराकर चारा तथा सर्दियों में गौवंशो की पूर्ण सुरक्षा की जाये।

# खाद सोसायटी में होने के बाबजूद भी लगा सोसायटी में ताला



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक कासगंज जिलामहासचिव रमन साहू ने खाद लेने के लिए जमालपुर गए तो 350 की खाद की बोरी किसानों को दी जा रही है खाद बिक्रेताओं के फर्म के नाम बर्मा खाद बीज भंडार जमालपुर गडेश धर्म काँटा के बराबर गोला जी खाद बीज भंडार मा दुर्गा जन सेवा केंद्र याकूत गंज इन सबके बाद सोसायटी बोदर खाद की आठ बोरी गोदाम में होने के बाबजूद किसान को बोरी नही दी जा रही है क्योंकि सचिव सहाब के मित्रों के काम आएगी यह बोरी इसके बाद भी मयासुर सचिव नवीन परासर की गुंडई बो दो दिन से मीटिंग में अपने आप को बता रहे है जो खाद मयासुर सोसायटी पर स्टॉक में लगी हुई है उस खाद को स्टॉक का क्या होगा किस किसान को दी जाएगी बो अब तक खाद क्यो नही बाट रहै है आलाधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी मामले का कोई भी संज्ञान नही लिया गया है उसके बाद जिलामहासचिव ने जिलाध्यक्ष को इस मामले के बारे में बताया तो जिलाध्यक्ष संजय प्रजापति में कहा कि भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिकधरना प्रदर्शन कर अपनी बात आलाधिकारियों को अवगत कराएगी क्यो आलाधिकारियों को अवगत कराने के बाबजूद कान पर जु नही रेंग रहा है

जल्द से जल्द इस बात पर संज्ञान नही लिया जाए नही तो भकियू आराजनैतिक अग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी इस बात को प्रसासन स्वयं उत्तर दायीं होगा

# कांग्रेस का 138 वा स्थापना दिवस कांग्रेस कार्यालय पर धूम धाम से मनाया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- कांग्रेस का 138 वा स्थापना दिवस कांग्रेस कार्यालय पर धूम धाम से मनाया भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी मे जुटे कांग्रेसी 200 से जादा कांग्रेसी जायेगे यात्रा मे एटा जिला कांग्रेस कार्यालय धान मील वाली गली पर आज कांग्रेस का 138 वा स्थापना दिवस मनाया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव जोन प्रभारी श्यामशुंदर उपाध्याय ने कहा की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भारत की एक प्रमुख राजनीतिक पार्टी हैं, और पहली भी, जो भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में अग्रणी थी। इसकी स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को 72 व्यक्तियों द्वारा हुई व इसकी स्थापना में, ए ओ ह्यूम (एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश अधिकारी), दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा ने अहम भूमिका निभाई। भारत की आज़ादी तक, कांग्रेस सबसे बड़ी और प्रमुख भारतीय जन संस्था मानी जाती थी, जिसका स्वतन्त्रता आन्दोलन में केन्द्रीय और निर्णायक प्रभाव था। गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष एवं विनीत परासर बाल्मीकि शहर अध्यक्ष ने कहा की कांग्रेस की विचार धार को बताते हुए । भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश मे एटा से 200 से जादा कांग्रेसी यात्री लोनी बॉडर गाजियावाद पहुंचेगे । बैठक चौब सिंह धनगर पूर्व जिला अध्यक्ष, मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट पीसीसी,ठाकुर अनिल सोलंकी पीसीसी,शुभाष शर्मा एडवोकेट प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ,नन्द लाल यादव,रामकुमार सक्सेना, अरुणेश गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेसी सेवा दल, आशिफ हुसैन भोले,सरिता अम्बेठकर,नीलमा राज राजबहादुर शाक्य ने भी बैठक ,को सम्बोधित किया इस अवसर भूरी सिंह दिवाकर,नीरज मिश्रा,राजेश यादव,नौसाद अली,आविद अली,मुकेश बघेल,विमल यादव एडवोकेट,गीतम सिंह राजपूत,प्रवीन कुमार,सर्वेश नागर,सुल्तान सैफी,बसीम सलमानी,चाँद अली,निशा ,अरविन्द सोनी,विकास गौतम,सनी यादव,बेबी गीरी, जय कुमार,रामानन्द सागर,पुष्पेंद यादव,रंजेश यादव,अरुण यादव,टीटू गिहार,अरविन्द कश्यप,सनी आजाद,मोहम्मद जावेद अख्तर आदि

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मालवन में खुलेआम हो रही है गैस की कालाबाजारी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा के मालवन में खुलेआम हो रही है गैस की कालाबाजारी, हो सकता है बड़ा हादसा, कभी भी गैस सिलेंडर बन सकते है बम, आरोपी के यहां सैकड़ों अवैध गैस सिलेंडर मौके पर, जिला पूर्ति बिभाग की मिली भगत से अवैध गैस रिफलिंग का चल रहा है खुला खेल,

पूर्व में कई गाड़ियों में गैस रिफिलिंग करते लग चुकी है आग, जिला पूर्ति बिभाग की साठ गाँठ से चल रहा है अवैध रिफलिंग का खेल, सूचना के बाद भी मौके पर नही पहुँचा जिला पूर्ति बिभाग के कर्मचारी, जिला पूर्ति अधिकारी के.के गुप्ता और थाना पुलिस को सूचना देने के बाद भी 2 घँटे में भी नही हुई गैस तस्करों पर कोई कार्यवाही, थाना मालवन क्षेत्र के पुराना जीटी रोड़ अपना कॉम्प्लेक्स के सामने का मामला।

खबर का असर

# उप स्वास्थ्य केंद्र महुली को मिला बाइक एंबुलेंस दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को होगी अब स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - सूरजपुर जिले के घने जंगलों, पहाड़ियों, नदियों और प्राकृतिक गुफाओं से घिरा हुआ है।जिले से लगभग 150 किलो मीटर दूर उप स्वास्थ्य केंद्र महुली अंतर्गत लगभग कुल आबादी का 20000 से अधिक शामिल है और वे काफी बिखरी हुई बस्तियों में रहते हैं, आमतौर पर प्रति वर्ग किमी में केवल 20-30 घर निवासी हैं। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए बल्कि सड़क, बिजली जैसी अन्य परेशानी का सामना परिवारों के लिए परिवहन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक बड़ी चुनौती है। मूल सुधा को लेकर लगातार क्षेत्र की खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन ने मोटर-बाइक एम्बुलेंस को उप स्वास्थ्य केंद्र महुली के विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए प्रदान किया है , क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य देखभाल में अंतिम दूरी पार करने के लिए एक वरदान साबित होगी।मोटरसाइकिल एंबुलेंस रोगियों और गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को दूरदराज के क्षेत्रों से निकटतम उप स्वास्थ्य केंद्र,




प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ( सीएचसी ) तक पहुंच और क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन रक्षक बनकर उभरेगी । इन एम्बुलेंसों को रोगी के आराम के लिए एक साइड-कैरिज के साथ फिट किया जाता है और आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने के लिए दवाओं और एक कार्यात्मक प्राथमिक चिकित्सा किट से लैस किया जाता है।प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने में कुशल ड्राइवरों द्वारा एंबुलेंस का संचालन किया जायेगा ।इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सिंह से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि महुली उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए बाइक एंबुलेंस दी गई है जो कि विभिन्न ग्राम पंचायतों के गर्भवती महिला शिशुवती महिला व शिशुओं के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी

# सफलता की कहानी नोनी सुरक्षा योजना से जिले के 1032 बच्चियों को जारी एलआईसी का बॉण्ड

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छ.ग. सरकार के द्वारा गरीब परिवार में जन्म लेने वाली लड़कियों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ नोनी सुरक्षा योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत 01 अप्रैल 2014 के बाद जन्मी बिटिया को राज्य सरकार के द्वारा 1 लाख रूपये का बॉण्ड दी जाएगी। महिला विकास एवं बाल विकास के द्वारा 1 अप्रैल 2014 के बाद जन्म लेने वाली गरीबी रेखा के नीचे की दो बालिकाओं के जन्म पर प्रत्येक बालिका को 18 वर्ष पूर्ण होने एवं 12 वीं उत्तीर्ण करने पर नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत एक लाख रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। जिले में अभी तक 4193 बच्चियों को चिन्हांकित कर ऑनलाईन एण्ट्री कर दी गई है।

इनमें से 1032 बच्चियों को एलआईसी के द्वारा जारी बॉण्ड प्रदाय किया गया है। यह योजना भ्रूण हत्या रोकने तथा बेटियों व महिलाओं को समाज में उचित सम्मान दिलाने के लिए शुरू की गई थी। छत्तीसगढ़ सरकार की पहल नोनी सुरक्षा योजना के लांच किये जाने से लड़कियों के उज्जवल भविष्य की राह आसान हो गयी है। इस योजना के लॉंच किये जाने से बाल





विवाह और कन्याँ भ्रूण हत्या की घटनाओ में कमी आ रही है। पात्रता मानदंडरू- केवल छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी माता एवं पिता अथवा अभिभावक होने की स्थिति में ही लाभ मिल सकता है। इस योजना के तहत 1 अप्रैल 2014 के बाद पैदा हुई बालिका को ही लाभ दिया जायेगा। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे बीपीएल श्रेणी के आवेदकों को ही इस योजना का लाभ दिया जायेगा। एक परिवार की दो लड़कियों के द्वारा छत्तीसगढ़ नोनी सुरक्षा योजना 2022 के तहत लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# ग्राम पंचायत कांतिपुर के ग्रामीणों ने सरपंच की चुनाव कराने की मांग को लेकर एसडीएम के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - जिले के चांदनी बिहार पुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कांतिपुर के ग्रामीणों ने सरपंच की पुनः चुनाव कराने को लेकर बिहार पुर तहसीलदार को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कांतिपुर के सरपंच को गांव की महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 2 माह पूर्व जेल दाखिल करा दी गई है जिससे ग्राम पंचायत में सरपंच ना होने से पंचायत में होने वाले कामकाज भारी प्रभावित हो रही है। जिसको लेकर ग्राम पंचायत के ग्रामीण एकजुट होकर पंचनामा तैयार कर एसडीएम के नाम बिहार पुर तहसीलदार को ज्ञापन देकर ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पूर्व सरपंच के ऊपर दुष्कर्म के आरोप में जेल हो गया है जिससे सरपंच ना होने पर नए सरपंच की चुनाव की जाए

# सर्व यादव समाज के जिला युवा मीडिया प्रभारी बनें प्रियांशु यादव,राजेश्वर यादव को बनाया गया जिला सोशल मीडिया प्रभारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ओड़गी- जिले में सर्व यादव समाज के द्वारा जिला मीडिया प्रभारी का नियुक्ति किया गया है। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु जी के आदेशानुसार व युवा प्रदेशाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सूरजपुर जिलाध्यक्ष रमाशंकर यादव की अनुशंसा पश्चात शिवकुमार यादव , उपेन्द कुमार यादव युवा जिला उपाध्यक्ष, रामजीत( पिंटू ) यादव युवा जिला महामंत्री, युवा संगठन मंत्री संधारी यादव के सहमति उपरांत युवा जिला अध्यक्ष राजाराम यादव के द्वारा प्रियांशु यादव आत्मज? संतोष कुमार यादव निवासी ग्राम पंचायत भवंरखोह ब्लांक ओड़गी को सर्व यादव समाज जिला सूरजपुर का जिला युवा मीडिया प्रभारी व राजेश्वर यादव आत्मज शिवबालक यादव निवासी ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर ब्लांक प्रेमनगर को जिला सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है । सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर समाज के युवाओं में हर्ष व्याप्त है।इस नियुक्ति पर सर्व यादव समाज के युवाओं ने शुभकामनाएं देते हुए उजव्वल भविष्य की कामनाएं की है। प्रियांशु यादव व राजेश्वर यादव ने जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाये जाने के लिए समाज को धन्यवाद दिया है और आगे कहा है समाज द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरे दायित्व के साथ पूरा करेंगे।

# ओड़गी के ग्राम पंचायत महुली पंचायत उप निर्वाचन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन, 09 जनवरी 2023 ( सोमवार ) को प्रातः 07.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक तथा मतदान समाप्ति के बाद मतगणना का कार्य होना है।
अतः निर्वाचन कार्य प्रारंभ होने से समाप्ति होने तक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु संजय शर्मा नायब तहसीलदार उप तहसील बिहारपुर को विकासखण्ड ओड़गी, ग्राम पंचायत महुली क्षेत्र के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाता है। जिनका थाना क्षेत्र पुलिस थाना चांदनी होगा। यह आदेश जारी दिनांक से प्रभावशील होगा।

# न्यू ईयर पर 20 लाख श्रद्धालु करेंगे गिरिराजजी के दर्शन, देसी नुस्खा दे रहा ठाकुरजी को सर्दी से राहत



गोवर्धन-मथुरा- नववर्ष मनाने आने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन गुरुवार से ही शुरू हो जाएगा। लाखों श्रद्धालु परिक्रमा करने आएंगे। मेले के दौरान सड़क पर जाम और अतिक्रमण की समस्या न हो, इस पर जिम्मेदारों का विशेष ध्यान है। गोवर्धन आने वाले हर मार्ग पर पार्किंग की व्यवस्था है। श्रद्धालुओं को वाहन पार्क करने में परेशानी नहीं आएगी। सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। 21 किमी परिक्रमा मार्ग में अंधेरे को दूर करने के लिए समुचित रोशनी का भी इंतजाम किया है। नववर्ष पर यहां करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं।

### दिल्ली-एनसीआर के वाहनों को पार्किंग स्थल पर रोका जाएगा

दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र से आने वाले वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही रोका जाएगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी लगवाए जा रहे हैं। परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था के लिए अतिरिक्त सफाईकर्मी नियुक्त किए हैं। परिक्रमार्थियों को सर्दी से राहत देने के लिए जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी नितिन कसाना ने बताया कि श्रद्धालु किसी भी मार्ग से आएं, वाहन पार्क करने में परेशानी नहीं आने वाली है। प्रशासन ने गोवर्धन पहुंचने वाले हर मार्ग पर पार्किंग की व्यवस्था की है। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वृद्ध व बच्चों की जेब में नाम पता के साथ मोबाइल नंबर की पर्ची जरूर रखें।

### कलियों से महकेगी गिरिराजजी की बगिया

मुकुट मुखारविंद मंदिर के सेवायत रोहित सीटाटीया ने बताया कि फूल बंगला के लिए मलेशिया से खास तरह का पुष्प काकरेट गिरिराजजी की सेवा में मंगाए जाते हैं। विदेशी घास भी मंदिर प्रांगण की शोभा में चार चांद लगाएगी। दानघाटी मंदिर सेवायत दीपू पुरोहित ने बताया कि गुलाब, गेंदा, गिलाट, मोंगरा, पान पराग के पत्ते, चमेली से सजावट की जाएगी। गुलदावरी और कुंद के फूल इंदौर और बैंगलुरू से मंगाए हैं, रजनीगंधा दिल्ली से आएगा। पवित्रता, सुंदरता और भक्ति का अनूठा संगम वातावरण को अलौकिक बना देगा।सर्दी से बचाव के इंतजाम

भगवान के प्रति वात्सल्य भाव ही ब्रजभूमि की भक्ति है, पालनहार को बाल स्वरूप में लाड़ लड़ाया जाता है। जिस तरीके से बच्चे का खानपान और कपड़े मौसम के साथ बदलते हैं। उसी तरह से भक्त अपने भगवान की सेवा में बदलाव कर देते हैं। प्रभु को भाव का भूखा बताया जाता है, इसीलिए प्रभु की सेवा उनके भक्त निराले ढंग से करते हैं। सर्दी में गिरिराजजी के भक्तों को प्रभु के स्वास्थ्य की चिंता सताने लगी है। बढ़ती ठंड से गिरिराजजी बीमार न पड़ जाएं, इसके लिए शयन के समय मखमली रजाई का प्रयोग किया जा रहा है। भगवान का सर्दी से बचाव करने को भक्त तमाम प्रयास कर रहे हैं। अंगीठी जलाकर उनकी सर्दी दूर की जा रही है।

### सुहाग-सोंठ का सेवन कराया जा रहा

सुबह लगने वाली ठंड से बचाव को प्रभु की सेवा में देसी नुस्खा सुहाग-सोंठ का सेवन कराया जा रहा है। देसी मसालों से तैयार सुहाग-सोंठ में गरम मसालों का प्रयोग किया जाता है। मंगला आरती के समय प्रभु को सुहाग-सोंठ का भोग लगाया जाता है। मंगला के बाद मेवा युक्त गरम खिचड़ी बाल भोग में शामिल की जाती है। प्रभु के प्रसाद में आने वाले पदार्थों की सूची बदल दी जाती है।

### इनका होता है प्रयोग

मुकुट मुखारविंद मंदिर के सेवायत श्रीधर पाठक के अनुसार, गिरिराज प्रभु की सेवा में गरमी प्रदान करने वाली वस्तुएं धराई जा रही हैं। गिरिराज प्रभु को सर्दी से बचाव के लिए बनाई जाने वाली सुहाग-सोंठ कई सामग्री मिलाकर बनाई जाती है। सुहाग-सोंठ में मुख्यत: केशर, कस्तूरी, जावित्री, काली मिर्च, लौंग, सोंठ, जायफल, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, खोवा, चीनी आदि का प्रयोग किया जाता है।

### ये है मंदिर का दर्शन समय

इस समय होंगे दर्शन गोवर्धन में श्रद्धालु परिक्रमा के दौरान मंदिरों के दर्शन कर धन्य भी होते हैं। दानघाटी और मुकुट मुखारविंद मंदिर के दर्शन श्रद्धालु सुबह 4-30 बजे से रात 11 बजे तक कर सकेंगे। जतीपुरा मुखारविंद मंदिर के दर्शन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक होंगे।

### नववर्ष पर मेला के लिए तैनात होंगे पुलिसकर्मी

नववर्ष मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न आए इसके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सादा वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात होंगे और परिक्रमा मार्ग में लगातार पुलिस गश्त करेगी। कमलेश कुमार गोयल, एसडीएम

# राम तेरी गंगा मैली के बाद एक बार फिर 'गंगा' बनेंगी मंदाकिनी, बोलीं- याद आते हैं आबू लेन के छोले-भटूरे



मेरठ- राम तेरी गंगा मैली जैसी सुपरहिट फिल्म से करियर का आगाज करने वाली मंदाकिनी रूपहले पर्दे पर एक बार फिर नजर आएंगी। इस बार उनका किरदार गंगा सफाई के लिए लोगों को जागरूक करने वाली महिला का होगा। मेरठ में पली-बढ़ीं मंदाकिनी की इस फिल्म के निर्माता शहर निवासी उद्यमी संजय कुमार होंगे। निर्देशन बिजनौर निवासी साजन अग्रवाल करेंगे, जबकि शूटिंग मेरठ और बिजनौर में होगी। गंगा नाम की लड़की दर्द किया था बयां- राम तेरी गंगा मैली हो गई फिल्म में मंदाकिनी ने गंगा नाम की लड़की के दर्द को पर्दे पर बयां किया था। वो बुधवार को लंबे समय मेरठ पहुंचीं तो बदला हुआ शहर देखकर चौंक गईं। अभिनेता जाकिर हुसैन और निर्देशक साजन अग्रवाल के साथ मेरठ पहुंचीं मंदाकिनी ने वरिष्ठ समाजसेवी रामनिवास अग्रवाल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लौटते हुए उन्होंने दैनिक जागरण से बातचीत की। मंदाकिनी ने बताया कि वह आज 22 साल बाद अपने शहर में आई हैं। फ्लाई ओवर बन गए हैं और रैपिड रेल का काम भी चल रहा है। यहां आकर माल रोड पर स्थित अपना घर, सोफिया स्कूल और आबू लेन बहुत याद आ रहा है। आबू लेन पर शापिंग के दौरान अक्सर छोले भटूरे खाया करते थे। समय न होने के कारण लौटना पड़ रहा है, लेकिन जल्द आकर अपने स्कूल और शहर का भ्रमण करेंगी।गंगा सफाई पर फिल्म बनाने का लिया निर्णय- साजन अग्रवाल ने बताया कि वह बिजनौर के कस्बा नहटौर निवासी हैं। मेरठ में उनकी पढ़ाई हुई है। संजय कुमार से उनका वर्षों से परिचय है। कुछ समय पूर्व उनसे भेंट हुई और गंगा सफाई के मुद्दे पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। इसकी पटकथा का काफी हिस्सा वह लिख चुके हैं। इसमें मंदाकिनी का किरदार गंगा सफाई के लिए लोगों को जागरूक करने वाली महिला का होगा। मेरठ निवासी अभिनेता जाकिर हुसैन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसी के साथ राजपाल यादव सहित अन्य कुछ अभिनेताओं से भी बात चल रही है।

### जाकिर हुसैन की यादों में बसा है जानी

अभिनेता जाकिर हुसैन जिले के गांव जानी निवासी हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के छात्र रहे जाकिर हुसैन ने बालीवुड में एक सक्षम अभिनेता के तौर पर पहचान बनाई है। फिल्म सरकार, सिंघम रिटर्न्स, फूंक, जानी गद्दार, रिस्क, द किलर, डरना जरूरी है, जेम्स और वास्तु शास्त्र आदि फिल्मों में उनका अभियन बहुत सराहा गया। उन्होंने कहा कि गांव उनकी यादों में बसा है। यहां आना हमेशा बहुत अच्छा लगता है। शूटिंग होने के कारण उन्हें फिलहाल मुम्बई जाना पड़ रहा है। समय मिलते ही गांव आएंगे।

# जीपीएम पुलिस ने किया हेलमेट जागरूकता अभियान का शुभारंभ,जीपीएम पुलिस का लक्ष्य सुगम,सुरक्षित एवं सुखद यातायात

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- आमजनों में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाने के लिए जीपीएम पुलिस के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक श्री यू उदय किरण के निर्देशन में सुगम, सुरक्षित एवं सुखद यातायात के तहत हेलमेट जागरूकता अभियान की शुरुआत आज जिले के ग्रामीण अंचल के थाना मरवाही से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर के दीप प्रज्वलन एवं राज्य गीत से



अतिथियों की गरिमामयी उपस्थित में हुआ। कार्यक्रम का संचालन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के द्वारा किया गया। सम्माननीय विधायक डॉ.के.के. ध्रुव के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को हेलमेट की उपयोगिता के बारे में बताते हुए मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना नितांत आवश्यक है एवं जीवन रक्षा दुर्घटना के समय में बनती है हेलमेट संबोधन कर आह्वान किया गया। यू उदय किरण द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यरूप से स्थानीय विधायक डॉ के के ध्रुव, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना शंकर पोर्ते, श्री मनोज गुप्ता, शुभम पेन्द्रों, प्रताप सिंह मरावी, अजय राय, श्रीमती बूँद कुंवर, शंकर कंवर, नारायण शर्मा, वीरेंद्र बघेल, आंनद सिंह ओट्टी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, प्रभारी यातायात निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी, थाना प्रभारी मरवाही सुश्री लता चौरे, थाना प्रभारी पेंड्रा निरीक्षक श्रीमती उषा सोंधिया, जिला यातायात स्टॉफ , थाना मरवाही पुलिस स्टाफ, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# नोएडा में बनी सिरप से जुड़ा उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत मामला, एक्शन में विभाग, जांच के लिए लिया नमूना

नोएडा- भारतीय फार्मास्यूटिकल फर्म की कफ सीरप के सेवन से उज्बेकिस्तान के 18 बच्चों की मौत के मामले के बाद जिला औषधि विभाग सक्रिय हुआ है। केंद्रीय औषधि विभाग की टीम ने जिला औषधि विभाग के साथ मिलकर सेक्टर-67 स्थित भारतीय दवा फर्म मैरियन बायोटेक लिमिटेड द्वारा निर्मित डाक 1-मैक्स कफ सिरप का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। औषधि विभाग की टीम ने लिए नमूने- औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने बताया कि 27 दिसंबर को केंद्रीय टीम के साथ मेरठ मंडल के खाद एवं औषधि निरीक्षक के साथ संयुक्त कार्रवाई में संबंधित दवा का नमूना लिया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के अधिकारी, मेरठ मंडल के खाद्य एवं औषधि निरीक्षक के संयुक्त निदेशक के साथ जिला औषधि विभाग की टीम ने संबंधित दवा कंपनी पहुंचकर नमूने लेने का काम किया है। रिपोर्ट के मुताबिक करेंगे कार्रवाई- उज्बेकिस्तान में सिरप से होने वाली मौतों पर मैरियन बायोटेक फार्मा कंपनी के कानूनी प्रमुख हसन रजा ने कहा, 卐मौतों पर हमें खेद है, सरकार जांच करा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक हम कार्रवाई करेंगे। नमूने एकत्र किए गए। उस उत्पाद का निर्माण फिलहाल रोक दिया गया है और अन्य प्रक्रियाएं चल रही हैं। अधिकारी ने किया कंपनी का निरीक्षण - चार टीमों के संयुक्त अधिकारी ने कंपनी का निरीक्षण किया। जिस दवा को बाहर आपूर्ति की गई है। उस दवा का नमूना लिया गया है। इस सैंपल को सेंट्रल ड्रग्स रेग्युलेट्री को भेज दिया गया है। वहां से इनको लैब भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट आने का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है। दवा मई 2021 की बनी हुई है। जिसकी एक्सपाइरी डेट वर्ष-2024 के अप्रैल तक है। जांच में सामने आया है कि कंपनी को बाहर दवा आपूर्ति करने की अनुमित प्राप्त है। यह अनुमित केंद्र सरकार से प्राप्त है।इस दवा की देश में सप्लाई नहीं है। इसे एक्सपोर्ट किया गया था। इसका एक स्लाट मई 2021 में उज्बेकिस्तान भेजा गया था। इस मामले में सेंट्रल ड्रग्स रेग्युलेट्री टीम से जांच के लिए कहा गया था। उज्बेकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओवरडोज (अत्याधिक मात्रा में दवा का सेवन) और बिना प्रिस्क्रिप्शन (बिना डाक्टर की सलाह) दवा का सेवन करने के कारण बच्चों की मौत हुई है।जांच मिलेगी रिपोर्ट - प्राथमिक जांच में कोई अनियमितता नहीं है। जांच रिपोर्ट जल्द ही प्राप्त होने की उम्मीद है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच में सामने आया है कि गांबिया में पिछले दिनों दवा का सेवन करने के कारण बच्चों की हुई मौत के मामले में हरियाणा की जिस भारतीय फार्मास्यूटिकल फर्म ने दिल्ली के ट्रेडर से रा मेटेरियल लिया था। नोएडा स्थित संबंधित दवा कंपनी ने भी दिल्ली के ट्रेडर से रा मेटेरियल लिया है। वह सैंपल जांच में पास हो गया था।सेक्टर-67 स्थित दवा कंपनी के मालिक जैन नामक व्यक्ति है। चूंकि भारतीय सिरप के सेवन से संबंधित मामले में कई शिकायत आ रही है। इसलिए कंपनी में निर्माणाधीन दवा के सेवन में इस्तेमाल रा मेटेरियल की जांच की जाएगी। रा मेटेरियल बनाने वाली कंपनी का भी निरीक्षण किया जाएगा। दवा में इस्तेमाल रा मेटेरिया ज्यादातर चीन से आता है। निरीक्षण के दौरान रा मेटेरियल में कुछ भी गड़बड़ मिलने पर संबंधित दवा कंपनी और रा मेटेरियल बनाने वाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह इस तरह का पहला मामला है। जिले में एलोपैथिक दवा निर्माण कंपनी की संख्या 13 व होम्योपैथिक दवा निर्माता कंपनी दो हैं।देश में नहीं है संबंधित सिरप की सप्लाई- ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि इस सीरप की सप्लाई भारत में नहीं की जाती है। इस स्लाट को मई 2021 में सिर्फ उज्बेकिस्तान भेजा गया था। उज्बेकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, लैब टेस्ट के दौरान इस कफ सीरप में केमिकल इथाइलीन ग्लाइकाल पाया गया। इसी केमिकल के पाए जाने के बाद हरियाणा की मेडेन फार्मा के खिलाफ जांच की गई, जिसे गाम्बिया में 70 बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार बताया गया था। हालांकि, जांच के बाद भारत सरकार ने डब्ल्यूएचओ को बताया है कि कंपनी से लिए गए सभी सैंपल जांच में सही पाए गए हैं।



# अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर करनपुर के पिपरहवा कोठी प्राथमिक विद्यालय पिपरा कोठी के प्रांगण में स्वर्गीय मनोज सिंह स्मृति में प्रतिवर्ष की भात इस वर्ष भी अंतर्जनपदीय वालीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथ दद्दन मिश्रा ने फीता काटकर और सर्विस कर मैच का उद्घाटन किया। जिसमें गोंडा परवानी गौवढ़ी, कैसरगंज ,नवाबगंज गोंडा, राजपूत कल्ब आर डी मेर्थड पटना खरगौरा, मिर्जापुर ,तंबौर, कारीकोट, चिलवरिया, पिपराहवा ,मल्हीपुर आदि टीमों ने भाग लिया सभी टीमों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें सेमीफाइनल में पटना खरगौरा को हराकर राजपूत क्लब पिपरहवा और गोंडा को हराकर आर बी मेथर्ड ने फाइनल में प्रवेश किया मुकाबले के बीच तीन सेट के मैच को अर बी मेंथर्ड प्राजित कर फाइनल मुकाबला जीत लिया । विजेता टीमों को ट्राफी देकर आर बी मेंथर्ड विद्यालय की प्रबंधक सरोज सिंह ने मैच का समापन किया ।इसमें प्रदीप कुमार यादव ग्राम पंचायत अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी ,कोपरेटिव ए डी ओ आयोजक लकी सिंह आदि उपस्थित रहे। इस मैच ऑफ टूर्नामेंट सतीश कुमार यादव रहे।

# विकास खंड फखरपुर में आयोजित हुआ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका प्रशिक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन परियोजना अंतर्गत कार्यरत समूह सखियों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण आज विकास खंड फखरपुर में खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है,

जिसके माध्यम से ग्रामीण अंचल में महिला स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित किया जा रहा है,इन समूहों की ग्राम स्तर पर देख रेख और लेखांकन हेतु समूह सखी कार्यरत है,जिनको लोकोस एंड्रॉयड एप्लीकेशन पर विकास खंड फखरपुर में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा था,03 दिवस में विभिन्न मॉड्यूल पर दिए जा रहे प्रशिक्षण में कार्मिकों को मोबाइल एप पर समूह का एमआईएस करना और समूह सदस्यों का केवाईसी करना सिखाया गया।उक्त प्रशिक्षण को प्रशिक्षक सत्येंद्र पांडे,शिव कुमार गुप्ता और महेश यादव द्वारा संपन्न कराया गया।प्रशिक्षण के संपन्न होने के उपरांत खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# यूपी के हमीरपुर में डकैतों ने एएसपी पर की फायरिंग, मुठभेड़ में फरार और दो आरोपित गिरफ्तार

हमीरपुर-सराफा कारोबारी के यहां हुई डकैती के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन फरार डकैतों में से दो को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर घायलों को जिला अस्पताल भर्ती किया है। मुठभेड़ में डकैतों ने अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार पर भी फायर झोंका था। जो बुलेफ प्रूफ जैकेट के कारण बच गए। वहीं एक डकैत अभी भी फरार चल रहा है। जिसे गिरफ्तार करने के लिए टीमें लगी हैं। सदर कोतवाली के सूफीगंज चौराहा स्थित अली ब्रदर्स एंड संस की दुकान से तिजोरी समेत करीब





20 लाख के जेवरात पांच नकाबपोश बदमाशों के द्वारा ले जाए गए थे। पुलिस ने 20 घंटे के भीतर दो डकैत टीटू व रवि को सिटी फारेस्ट के पास से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। इस घटना में फरार चल रहे है दौलतराम निवासी नगला गड़रिया थाना फतेहाबाद जनपद फिरोजाबाद व गोरेलाल पुत्र लालता निवासी लल्ली का डेरा थाना कुरारा की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई थीं।बुधवार देररात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति थाना कुरारा के पतारा मोड़ पर खड़े हैं। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर दुर्गविजय सिंह मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचे। जहां एक मोटरसाइकिल पर दो लोग संदिग्ध हालात में दिखे। जिन्हें टोका गया तो उनके द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार पर फायर किया गया जो गोली उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी।

पुलिस ने अपना बचाव करते हुए मुठभेड़ में दौलतराम व गोरेलाल को गिरफ्तार किया। इस दौरान दोनों डकैत पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपितों के पास से दो तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद की है। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।